# <u>फरवरी 2025 में संपन्न की गई राजभाषा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल की विविध गतिविधियाँ</u>

1. **<u>राजभाषा निरीक्षण</u> :-**

   माह के दौरान श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा व्यय अनुभाग/वित्त विभाग/नागपुर, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/इतवारी, पनियाजोब स्टेशन, तिरोड़ी स्टेशन, ग्वारीघाट स्टेशन, अर्जुनी स्टेशन तथा कटंगी स्टेशन (**कुल 07**) का राजभाषा विषयक मदों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों को दूर करने हेतु मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया गया ।

2. **<u>जयंतियों का आयोजन</u> :-** दिनांक 21.02.2025 को मंडल कार्यालय में हिंदी साहित्य के प्रख्यात साहित्यकार **सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'** जी की जयंती का आयोजन किया गया ।



दिनांक 21.02.2025 को सूर्यकांत त्रिपाठी निराला हिंदी पुस्तकालय, डीजल लोको शेड, मोतीबाग में **सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'** जी की जयंती मनायी गई ।







3. माह के दौरान श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा ई – आफिस में हिंदी का प्रयोग एवं अधिकारियों द्वारा यथोचित टिप्पणियों/फुट नोट्स में हिंदी का प्रयोग करने के संबंध में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (विद्युत कर्षण), वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी -।।।, सहायक कार्मिक अधिकारी -।।, मंडल सुरक्षा आयुक्त तथा सहायक मंडल सुरक्षा आयुक्त (कुल 09 अधिकारियों) को टेबल ट्रेनिंग दी गई ।

4. **'मुंशी प्रेमचंद हिंदी पुस्तकालय रेल कर्मियों के द्वार'** कार्यक्रम के तहत दिनांक 18.02.2025 को मंडल कार्यालय में राजभाषा विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर रोचक पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया तथा कार्मिकों को पुस्तकें पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं उन्हें पुस्तकें जारी की गईं । इस कार्यक्रम में 17 कार्मिक शामिल हुए ।





5. **<u>नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालय-2) की गतिविधियां</u> :-**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालय-2) के तत्वावधान में दिनांक 03.02.2025 को निबंध प्रतियागिता, दिनांक 05.02.2025 को शुद्ध एवं सुलेख प्रतियोगिता, दिनांक 12.02.2025 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, दिनांक 20.02.2025 को चित्र पर आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता, दिनांक 21.02.2025 को हिंदी अनुवाद, दिनांक 24.02.2025 को राजभाषा प्रश्नोत्तरी तथा दिनांक 27.02.2025 को स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नागपुर मंडल से प्रत्येक प्रतियोगिता में 02 कार्मिकों ने भाग लिया ।

6. **<u>यूनिकोड सक्रियण</u> :-**

संदर्भित माह के दौरान कार्मिक, वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के नए खरीदे गए/फार्मेटिंग किए गए कुल 04 कम्प्यूटरों में यूनिकोड इंस्टाल किया गया ।

7. **<u>हिंदी में अनुवाद</u> :-**

संदर्भित माह में राजभाषा विभाग के कार्मिकों द्वारा आपदा प्रबंधन योजना 2025 –भाग ।। के अंग्रेजी संस्करण का हिंदी अनुवाद (कुल 57 पृष्ठ) किया गया ।

8. **<u>पुस्तक समीक्षा</u> :-**

माह फरवरी, 2025 में कुल 18 पुस्तक समीक्षाएं प्राप्त हुईं ।